गैरसैंण, सोमवार
4 दिसम्बर 2023
वर्षः 14
अंकः 205 पृष्ठः 8
मूल्यः 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
ज
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2021-23 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## भाजपा की जीत 2024 की हैट्रिक की गारंटीः पीएम मोदी





नई दिल्ली ,। मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भाजपा ने प्रचंड जीत हासिल की। जीत का जश्न पार्टी मुख्यालय पर हुआ। समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कुछ लोग तो कह रहे हैं कि आज की इस हैट्रिक ने चौबीस की हैट्रिक की गारंटी दे दी है। इस चुनाव में देश को जातियों में बांटने की बहुत कोशिशें हुईं। मैं लगातार कह रहा था कि मेरे लिए देश में चार जातियां ही सबसे बड़ी जातियां हैं। ये हैं हमारी नारी शक्ति, युवा शक्ति, किसान और हमारे गरीब परिवार।इन चार जातियों को सशक्त करने से देश सशक्त होने वाला है। आज भी मेरे मन में यही भाव है। मैं अपने माताओं–बहनों और बेटियों के सामने अपने युवा साथियों, किसान भाइयों के सामने, गरीब भाइयों के सामने नतमस्तक हूं। मोदी ने कहा, ये नतीजे उन ताकतों को भी चेतावनी है जो प्रगति और जनकल्याण की राजनीति के खिलाफ खड़े रहते हैं। जब भी विकास होता है, कांग्रेस और उसके साथी विरोध करते हैं। जब हम वंदे भारत लॉन्च करते हैं तो कांग्रेस और उसके साथी मजाक उड़ाते हैं, जब हम गरीबों के लिए घर बनाते हैं तो वे रुकावट डालते हैं, जब हम नल से जल की योजना बनाते हैं तो वे इस पर रोडा डालते हैं। ऐसी सभी पार्टियों को आज गरीबों ने चेतावनी दी है। सुधर जाइए, सुधर जाइए, वर्ना जनता आपको चुन–चुनकर साफ कर देगी। प्रधानमंत्री मोदी ने ठबंधन पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि ये चुनाव नतीजे, कांग्रेस और उसके घमंडिया गठबंधन के लिए भी बहुत बड़ा सबक हैं। सबक ये है कि सिर्फ कुछ परिवारवादियों के मंच पर एक साथ आ जाने से देश का भरोसा नहीं जीता जा सकता। एकसाथ आ जाने से फोटो कितना भी अच्छा आ जाए, लेकिन जनता का दिल नहीं जीता जा सकता।

## तीन राज्यो मे जीत से उत्साहित भाजपा मुख्यालय मे ढोल नगाड़ों के साथ जश्न

### तुष्टिकरण, परिवारवाद व सनातन विरोधियों के खिलाफ 2024 के सेमीफाइनल की जीतः धामी



देहरादून। भाजपा मुख्यालय में सीएम और प्रदेश अध्यक्ष की मौजूदगी ने तीन राज्यों में जीत का जश्न धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री धामी ने पीएम मोदी समेत केंद्र व सभी राज्य नेतृत्व को बधाई देते हुए कहा कि जनता ने 2024 को लेकर भाजपा के पक्ष में अपनी राय बता दी है । साथ ही प्रदेश अध्यक्ष भट्ट ने कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए इसे डबल इंजन की भाजपा सरकारों के सुशासन की जीत और सनातन विरोधियों की हार बताया है। बलबीर रोड स्थित पार्टी मुख्यालय में 4 में से 3 राज्यों राजस्थान ,मध्यप्रदेश , छत्तीसगढ़ में भाजपा के पक्ष में प्रचंड जीत को लेकर कार्यकर्ताओं ने जमकर खुशी मनाई । सुबह से ही वहां कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह था जो जीत तय होने तक जबरदस्त जश्न में तब्दील हो गया । इस दौरान ढोल नगाड़ों की थाप पर भाजपा कार्यकर्ता ने जमकर नृत्य किया और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस मौके पर सीएम श्री पुष्कर धामी ने कहा, जनता ने बता दिया है कि 2024 में भाजपा प्रचंड जीत के साथ मोदी जी के नेतृत्व में दिल्ली में आने वाली है । उन्होंने कहा, ये जीत हमारी राज्य सरकारों के सुशासन की जीत है, तुष्टिकरण, परिवारवाद व सनातन विरोधियों के खिलाफ जीत है । केंद्र और संबंधित प्रदेश नेतृत्व समेत जनता को बधाई देते उन्होंने कहा, लोकसभा चुनावों का यह सेमीफाइनल हमने जीता है ।



# जलते अंगारों पर नाचे सिद्धबाबा, सवा मन रोट का लगा भोग

## श्री सिद्धबली बाबा वार्षिक अनुष्ठान का हुआ समापन



जागरों के प्रभाव में आकर नाचते लोग



मंदिर परिसर में जागर सुनने को उमड़ी भीड़

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** गढ़वाल के प्रवेश द्वार कोटद्वार में स्थित श्री सिद्धबली मंदिर परिसर में श्री सिद्धबली बाबा वार्षिक अनुष्ठान का समापन हो गया। यह अनुष्ठान तीन दिवसीय रहा। इस दौरान आस्था के हैरतअंगेज दृश्य देखने को मिले। बाबा सिद्धबली को सवा मन रोट का भोग लगाया गया।

रविवार सुबह देवताओं का आह्वान करते हुए जागर लगाए गए। जागरों के दौरान कई पुरुष व महिलाएं देवता के प्रभाव में आकर दहकते अंगारों पर नाचते दिखे। जागर संपन्न होने के बाद सवा मन रोट का भोग लगाया गया व बाद में इस रोट को प्रसाद के रूप में वितरित किया गया। जागरण सुनने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे हुए थे।

### पूर्णाहुति के साथ समापन

तीन–दिवसीय मेले के अंतिम दिन आज ब्रह्ममुहूर्त में श्री सिद्धबाबा के महाभिषेक के उपरांत आचार्य पं. देवी प्रसाद भट्ट के सानिध्य में पाठ हुआ। तत्पश्चात उन्हीं के संयोजकत्व में पिछले तीन दिन से चल रहे एकादश कुंडीय यज्ञ का भी पूर्णाहुति के साथ समापन किया गया। यज्ञ समापन के उपरांत श्री सिद्धबाबा के जागर शुरू हुए।

### 'देवी–देवताओं' के प्रभाव में आकर नाचे

'अलेठी–पलेठी धौला उड्यारी जाग, मोड़ाखाल जाग, मलोठी भाबर मा जाग, सिद्धबली मंदिर मा सिद्धबाबा जाग, माता विमला मोहरी को जाग, राजा कुंवरपाल को जाग..' जैसे जागरों की धुन के बीच कई महिलाएं व पुरुष 'देवी–देवताओं' के प्रभाव में आकर नाचने लगे। जागर मुख्य जागरी सर्वेंद्र कुकरेती व उनके ने लगाए, जिन्हें सुनने को श्रद्धालु सिद्धबली मंदिर में पहुंचे थे।

### पीठ पर लोहे के सांकल से प्रहार किया, दहकते हुए अंगारों पर नाचे

जागर के दौरान 'सिद्धबाबा' के प्रभाव में आए लोगों ने अपनी पीठ पर लोहे के सांकल से प्रहार शुरू कर दिया व दहकते हुए अंगारों पर नृत्य करने लगा। धूप दिखा उन्हें शांत कर मौजूद भक्तों ने सिद्धबाबा का आशीर्वाद लिया, जिसके बाद सवा मन आटे के रोट का भोग लगाया गया। इस मौके पर विधायक दिलीप रावत, उद्योगपति अनिल कंसल, डा.जेपी ध्यानी, विवेक अग्रवाल, सुनील बुड़ाकोटी, शैलेश जोशी सहित कई अन्य मौजूद रहे।

# हेमंत ब्रजवासी के भजनों पर झूमे श्रद्धालु, पंचमुखी हनुमान की झांकी ने मोहा मन



कोटद्वार में चल रहे तीन–दिवसीय श्री सिद्धबली बाबा महोत्सव के तीसरे दिन अपनी प्रस्तुति देते हेमंत ब्रजवासी व अन्य



कोटद्वार में चल रहे तीन–दिवसीय श्री सिद्धबली बाबा महोत्सव भजन संध्या में झांकी प्रस्तुत करते कलाकार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** श्री सिद्धबली बाबा वार्षिक अनुष्ठान महोत्सव के तीसरे दिन श्रद्धालु हेमंत ब्रजवासी के भजनों पर झूमते हुए नजर आए। इस दौरान इस दौरान दौरान पंचमुखी हनुमान की मनमोहक झांकी भी प्रस्तुत की गई।

रविवार को भजन संध्या का शुभारंभ 'राधा–रानी' के नाम से किया गया। इसके बाद हेमंत ब्रजवासी व साथियों की आवाज का ऐसा जादू बिखरा कि श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए।

हेमंत ब्रजवासी व साथियों ने 'बांके बिहारी की आंखे जाइ पर गई...','कलियुग केवल नाम अधारा...', 'बजरंगी प्यारे का सारे जग में डंका बाजे...', 'तेरे दर पर पड़ा रहूंगा...', 'जो प्यार करें राधा से उसे संवरिया कहते हैं..'सहित अन्य मधुर भजनों की प्रस्तुति दी। भजनों की प्रस्तुति सुनने के लिए दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ी हुई थी।



हेमंत ब्रजवासी के भजनों पर झूमते श्रद्धालु

## चुनाव में जीत पर भाजपा ने जताई खुशी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ीः तीन राज्यों के विधानसभा चुनाव में भाजपा बहुमत के साथ सरकार बनाने की सफलता मिलने पर नैनीडांडा क्षेत्र के भाजपाइयों ने खुशी जताई है। मंडल अध्यक्ष शशिकुमार ध्यानी, तेजपाल सिंह, सुनील चौहान, ब्लॉक प्रमुख प्रशांत कुमार, ज्येष्ठ उप प्रमुख ललित पटवाल, कनिष्ठ उप प्रमुख रेखा देवी, सत्यपाल सिंह रावत, सुरेंद्र प्रताप, संजय गौड़, एमडी रावत, मनीष पटवाल, ग्राम मुन्नी ध्यानी, प्रकीर्ण नेगी आदि कार्यकर्ताओं ने भाजपा की सफलता पर खुशी जताई है। विधायक दिलीप रावत ने तीन राज्यों में भाजपा की जीत पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि 2024 में आगामी संसदीय चुनावों में भाजपा प्रचंड जीत के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में फिर से केंद्र में सरकार बनाएगी।

## होटल के भीतर घुसी अनियंत्रित कार, बड़ा हादसा टला

**पौड़ीः** बस स्टेशन में पौड़ी–श्रीनगर बैंड पर कार अनियंत्रित होकर एक होटल में जा घुसी। गनीमत रही कि इस दौरान यहां पर भीड़ भाड़ नही थी नहीं तो यहां पर अप्रिय घटना घट सकती है।

प्रत्यक्षदर्शी पूर्व सैनिक वकुल रावत ने बताया कि एक कार स्वामी गौचर से कोटद्वार जा रहे थे। बस स्टेशन में उन्होंने कार पार्क करी। इसी दौरान यहां पर जाम लगने लगा। इसी बीच एक अन्य ड्राइवर ने कार को दूसरे स्थान पर पार्क करने का प्रयास किया तो कार अनियंत्रित होकर होटल में जा घुसी। गनीमत रही कि इस दौरान कोई कार की चपेट में नहीं आया। पुलिस और स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद कार को होटल से बाहर निकाला। प्रभारी कोतवाल महेश रावत ने बताया कि कार को निकाल लिया गया था।

# पौड़ी में लोगों को पसंद आ रही गढ़वाली फिल्म यू कन्नू रिश्ता

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ीः** डा. रमेश पोखरियाल निशंक के उपन्यास पर निर्मित गढ़वाली फ़िल्म यू कन्नू रिश्ता पौड़ी के प्रेक्षागृह में शुरू हो गई है। फिल्म को देखने के लिए दर्शकों की भीड़ उमड रही है।

फिल्म में शिक्षिका और छात्रा के मार्मिक संबंध और उसका संघर्ष, फौजी और उसकी पत्नी के बलिदान, गांव के प्रमुख और सरपंच का अपने कर्तव्य के लिए जूझना आदि विषयों को बड़े सहज और संवेदनशील ढंग से दर्शाया गया है। फ़िल्म के निर्माता अंकित कंडियाल और निर्देशक गणेश वीरान व बी एस नेगी है। फ़िल्म को 4 इंटरनॅशनल फ़िल्म अवार्ड भी मिले है, दिल्ली, देहरादून, ऋषिकेश कोटद्वार में फ़िल्म को दर्शकों का भरपूर प्यार मिला है। फिल्म के निर्देशक गणेश वीरान ने बताया कि पौड़ी में यह फिल्म प्रेक्षागृह में शुरू कर दी गई है। फिल्म को दर्शकों का पौड़ी में भी भरपूर प्यार मिल रहा है।

## श्रीनगर–चमराड़ा–कठूली बस सेवा 4 से

**पौड़ीः** चलेगीजीएमओयू पौड़ी केंद्र द्वारा श्रीनगर–चमराड़ा–कठूली सेवा का शुभारंभ सोमवार से किया जाएगा। यह बस सेवा श्रीनगर से दोपहर ढाई बजे कठूली के लिए चलेगी व कठूली से श्रीनगर वापसी का समय दूसरे दिन सात बजकर 45 मिनट होगा। स्टेशन अधीक्षक अरुण रावत व इनायत हुसैन ने बताया कि ग्रामीणों की सुविधा के लिए बस सेवा शुरू की गई है।

## फरार अभियुक्त के घर चस्पा किया कुर्की वारंट

**पिथौरागढ़(सं)।** एक रेस्टोरेंट से चोरी के आरोपी के पकड़ में नहीं आने के बाद पुलिस ने उसके घर पर कुर्की का नोटिस चस्पा किया है। मड़झेड़ा नाकोट के रविन्द्र कुमार पर नगर के एक रैस्टोरेन्ट में चोरी करने का आरोप है। मामले में धारा 380/452 आईपीसी के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है । पुलिस ने कहा कि अभियुक्त गिरफ्तारी से बचने के लिये बार बार जगह बदल रहा है पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक हिमांशु पन्त के नेतृत्व में विवेचक उप निरीक्षक बसन्त पन्त ने पुलिस टीम के साथ न्यायालय से जारी 82 सीआरपीसी के तहत कुर्की उद्घोषणा वारण्ट अभियुक्त के आवास में चस्पा किया । अब उसके न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत न होने पर अभियुक्त की सम्पत्ति कुर्की की जाएगी ।

## एशियन स्कूल में नेपाल के अधिकारियों ने दी छात्रों को सफलता की जानकारी

**पिथौरागढ़(सं)।** नगर के एशियन स्कूल में आगामी बोर्ड परीक्षाओं को लेकर मोटिवेशनल सम्मेलन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि काठमांडू में कार्यरत एसएसपी भीम बहादुर चंद तथा विशिष्ट अतिथि बैतड़ी के मेयर रहे। इस मौके पर विद्यालय के मैनेजर कमलेश पाल ने अतिथियों को बैज अलंकृत कर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भीम बहादुर ने संबोधन में विद्यालय की उपलब्धियों की प्रशंसा की। उन्होंने आगामी बोर्ड परीक्षा में कैसे अच्छे मार्क्स कैसे अर्जित करें इस पर जानकारी दी। साथ ही पूर्व के पेपरों को साल्व करने पर जोर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के चेयरमैन स्वामी वीरेंद्रानन्द महाराज महामण्डलेश्वर ने की। इस दौरान इफ्को के पूर्व मैनेजर राम सिंह,समाजसेवी प्रकाश जोशी,कवि ललित शौर्य,महिला संयोजिका शिवांगी बम,प्रधानाचार्य एमएस बोरा,उपप्रधानाचार्य मयंक चंद उपस्थित रहे।

## विश्व दिव्यांग दिवस पर दिव्यांगों को बांटे उपकरण

**पिथौरागढ़(सं)।** विश्व दिव्यांग दिवस पर सिरकुच में कार्यक्रम आयोजित हुए। जिसमें दिव्यांगों को बैशाखी व स्टिक वितरित की गई । कृषि,सहकारिता,बाल विकास विभाग सहित अन्य विभागों ने स्टॉल लगाकर सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। रविवार को विश्व दिव्यांग दिवस पर सिरकुच में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत उपाध्यक्ष कोमल मेहता ने किया। जिला समाज कल्याण अधिकारी दलीप कुमार ने किसान पेंशन,वृद्धावस्था पेंशन,विधवा पेंशन,दिव्यांग पेंशन,तीलू रौतेली पेंशन के बारे बताया। छात्र–छात्राओं के लिए विभिन्न छात्रवृत्ति से संबधित योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत विभिन्न केंद्र व राज्य सरकारी योजनाओं के बारे में लोगों को बताया गया। कार्यक्रम में खण्ड विकास अधिकारी आशा मेहता,सहायक समाज कल्याण अधिकारी नीलम ज्योति,एडीओ सहकारिता रजनीश पाण्डे,कृष्णानंद पाण्डे,मोहन चंद्र पाण्डे सहित अन्य कर्मी मौजूद रहे।

## प्रशिक्षण में दिए जा रहे बॉक्सिंग सीखने के गुर

**बागेश्वर(सं)।** खेल विभाग के तत्वावधान में यहां एससीपी के तहत सात दिवसीय बॉक्सिंग प्रशिक्षण जारी है। रविवार को आयोजित शिविर में खिलाड़ियों को खेल की बारीकियों की जानकारी दी गई।

उन्हें खेल के प्रति दक्ष बनाने का कार्य चल चल रहा है। इंडोर स्टेडियम में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में सुबह और शाम 25 छात्र–छात्राओं को बॉक्सिंग के बारे में जानकारी दी जा रही है।

# जिला व्यापार संघ ने दिया ट्रक यूनियन को अपना समर्थन

**बागेश्वर(सं)।** ट्रक यूनियन की एक होटल में आयोजित बैठक में अपनी मांगों को लेकर मंथन किया गया। जिला व्यापार संघ अध्यक्ष बबलू नेगी ने भी ट्रक एसोसिएशन को अपना समर्थन दिया है। वक्ताओं ने ओवर लोडिंग के खिलाफ कार्रवाई करने तथा जांच के नाम पर उत्पीड़न सहन नहीं करने की चेतावनी दी है। उन्होंने जांच का अधिकार आरटीओ व टीआई को देने की मांग की है। रविवार को आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि गरुड़ देव भूमि ट्रक ऑनर्स वेलफेयर महासंघ हल्द्वानी अपनी पांच सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल में जाने की बात कह रहा है। ट्रक ऑनर्स बागेश्वर अल्मोड़ा चमोली ने भी हल्द्वानी से चलने वाली भारी वाहनों में महासंघ हल्द्वानी का समर्थन किया है। उनका कहना है कि



ओवरलोडिंग होने पर सख्त कार्रवाई हो। पर्वती मागी में भी मैदानी मार्गों की तर्ज पर 25 प्रतिशत जीवीडब्लू को बढ़ाया जाए एवं उनका रोड टैक्स भी लिया जाए। पर्वती क्षेत्र में मुख्य द्वार हल्द्वानी टनकपुर रामनगर कोटद्वार ऋषिकेश में सरकारी कांटे लगाए जाएं जिस पर भारी वाहन को तुलवाकर ही गाड़ी आगे बढ़ाने की अनुमति दी जाए, इससे पर्वती मार्गों पर ओवरलोडिंग को पूर्ण रूप से बंद किया जा सके। महासंघ ने प्राइवेट फिटनेस देने का विरोध किया है। अगर शासन इस पर अमल नहीं करती है तो ट्रक आनर्स या ट्रक ड्राइवर को मजबूर होकर अपनी गाड़ियां खड़ी कर हड़ताल पर जाएंगे। इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। बैठक में जिला अध्यक्ष ट्रक यूनियन दिनेश बिष्ट, प्रकाश रावल, संजय फर्स्वाण, गिरिश नेगी, बलवंत रावत, कंचन थायत आदि लोग मौजूद रहे।

# आवासीय विद्यालयों के प्रति अभिभावकों को करें आकर्षितः मर्तोलिया

**पिथौरागढ़(सं)।** राजकीय आश्रम पद्धति उच्च माध्यमिक विद्यालय रांथी में आयोजित जनजाति समुदाय के आदर्श बिरसा मुंडा जयंती के मौके पर हुई प्रतियोगिता में निबंध में विक्रम सिंह तथा चित्रकला में प्रदीप कुमार ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में अव्वल आए विद्यार्थियों को प्रधानाचार्य रामदत्त जोशी द्वारा नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में जनजाति गौरव दिवस कार्यक्रम के तहत हुए बिरसा मुंडा के जीवन दर्शन पर आधारित निबंध प्रतियोगिता में तोमिक निवासी विक्रम सिंह प्रथम, चित्रकला प्रतियोगिता में मदकोट निवासी प्रदीप कुमार द्वितीय, गिरगांव निवासी मनोज कुमार तृतीय, बागेश्वर निवासी मनीष कुमार को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य रामदत्त जोशी द्वारा स्वयं से इन विद्यार्थियों को नगद पुरस्कार देने की व्यवस्था की गई। इस कार्यक्रम में उपस्थित जिला पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया के हाथों से पुरस्कार तथा प्रशस्ति पत्र देकर विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। जिला पंचायत सदस्य मर्तोलिया ने कहा कि विद्यालय में इस तरह की प्रतियोगिताएं निरंतर आयोजित की जानी चाहिए। उन्होंने प्रधानाचार्य द्वारा अपनी ओर से नगद पुरस्कार दिए जाने की परंपरा शुरू करने पर उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस आवासीय विद्यालय में विद्यार्थियों की संख्या बड़े इसके लिए हमें निरंतर प्रयास करना चाहिए। इसके लिए हमें अभिभावकों को इन विद्यालयों के प्रति आकर्षित करने के लिए एक प्लान बनाना चाहिए। पंचायत प्रतिनिधि भी इस कार्य के लिए हर संभव मदद करेंगे। विद्यालय के प्रधानाचार्य रामदत्त जोशी द्वारा बताया गया कि शिक्षकों की कमी के बावजूद उपनल कर्मचारी तथा ऑफिशियल स्टाफ द्वारा अध्यापन कार्य कर अनुकरणीय कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि हाई स्कूल की बोर्ड परीक्षाओं को उनके द्वारा नियमित अतिरिक्त रूप से अध्यापन कराया जा रहा है। विद्यालय के बच्चे विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर विद्यालय का नाम रोशन कर रहे है। कार्यक्रम का संचालन मनोज कुमार द्विवेदी द्वारा किया गया। इस अवसर पर अभिभावक कैलाश राम, शिक्षक नित्यानंद मिश्रा, अमित शर्मा, हेम जंगपांगी, पविंदर जंगपांगी, चंद्र सिंह नेगी, तथागत सिंह खपा आदि मौजूद रहे।

## साले के पासपोर्ट पर विदेश यात्रा करने का आरोप, केस दर्ज

**काशीपुर(सं)।** अपने साले के पासपोर्ट पर अपनी फोटो लगाकर हांगकांग घूमने और उसके मकान पर कब्जा करने का आरोप लगाते हुए एक व्यक्ति ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कराया है। मानपुर रोड स्थित विश्वनाथपुरम कालोनी निवासी गुरनाम सिंह पुत्र बंता सिंह ने अपने कोर्ट में पार्थना पत्र देकर बताया कि मानपुर ठेरा निवासी बलविन्दर सिंह पुत्र स्व. कपूर सिंह ने अपने साले मेहल सिंह पुत्र हजारा सिंह के नाम से पासपोर्ट बनवाया है जिस पर उसने फर्जी दस्तावेजों के जरिए अपनी फोटो लगा रखी है। बलविंदर सिंह उक्त पासपोर्ट के माध्यम से हांगकांग भी घूमकर आया है। गुरनाम ने बताया कि बलविंदर सिंह फर्जी दस्तावेज बनाने का कार्य करता है तथा इनका गलत इस्तेमाल करता है। गुरनाम ने कहा कि बलविंदर ने कूटरचित दस्तावेजों से अपने साले के नाम से पासपोर्ट बनाकर हांगकांग की यात्रा करने से पासपोर्ट अधिनियम व धोखाधड़ी करने का अपराध किया है।

# तीन राज्यों में जीत पर भाजपाइयों में उत्साह

**रुद्रपुर(सं)।** तीन राज्यों मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में जीत पर भाजपाइयों ने नगर के मुख्य चौक पर आतिशबाजी कर मिठाई बांटी। भाजपा नगर अध्यक्ष जीवन सिंह धामी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नारे लगाए। राज्य सहकारी बैंक के चेयरमैन दान सिंह रावत ने कहा कि तीनों राज्यों में हुई एकतरफा जीत ने साबित कर दिया है कि देश की जनता प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व और विकास योजनाओं से खुश है। आने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा का 400 सीटें जीतने का लक्ष्य निश्चित रूप से पूरा होने वाला है। सभी कार्यकर्ता लोकसभा चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार हैं। भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी ने कहा कि तीन राज्यों के चुनाव के नतीजे लोकसभा एवं आने वाले नगर पालिका चुनाव में भी जीत का संकेत हैं। इस दौरान मंडी समिति अध्यक्ष नंदन सिंह खड़ायत, राज गौरव सोनकर, मनोज वाधवा, गोपाल बोरा, अमित कुमार पांडे, रमेश जोशी, किशन सिंह किन्ना, विमला मंडेला, रेनू भंडारी, धना भंडारी, संजीव बत्रा, कामिल खान, ताहिर मलिक, दीपक तिवारी, मनोज कश्यप, मुकेश रोहेला, संजीव




सक्सेना, राहुल सक्सेना, नवीन बोरा, नीरज रस्तोगी, विशाल, राजू कोरिया, सुरेश जीना, मनोज श्रीवास्तव, हाफिजुर रहमान, संदीप भारती, संतोष गौरव, नवल वाल्मीकि, सचिन रस्तोगी, किशन बिष्ट आदि रहे।

## आग से धधका कालाकोट का जंगल

**चम्पावत(सं)।** बाराकोट ब्लॉक के कालाकोट गांव का जंगल रात भर आग से धधकता रहा। आग से एक हेक्टेयर से अधिक वन संपदा को नुकसान पहुंचा है। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। शनिवार–रविवार की रात गल्लागांव के कालाकोट तोक का जंगल आग की चपेट में आ गया। आग से देवदार, बांज, बुरांश समेत तमाम अन्य पेड़ों को नुकसान पहुंचा है। वनाग्नि से जीव, सरीसृप और कीट पतंगों की मौत हो गई। ग्रामीणों ने रविवार सुबह कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। वनाग्नि से पूरे इलाके में धुंध छाई हुई है। इससे लोगों को सांस लेने में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। आग बुझाने वालों में ग्रामीण संदीप कुमार,आंनद राम, हिमांशु कुमार, महेंद्र कुमार आदि शामिल रहे।

# खटीमा में तस्करों ने चार सागौन के पेड़ों पर चलाई आरी

**रुद्रपुर(सं)।** चकरपुर में तस्करों ने सागोन के चार पेड़ काट डाले। खटीमा रेंज की चकरपुर सेक्शन में चार दिन पूर्व तस्करों ने रोड किनारे वन भूमि की खोदी गई खाई को पाट कर जंगल में प्रवेश किया और वाहन सहित कटर लेकर पहुंचे देर रात सागोन के चार पेड़ काट माल लेकर फरार होने से पहले गस्त कर रही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। टीम को देख तस्कर अंधेरे का फायदा उठा भागने में सफल रहे। मामले में वन कर्मियों की भूमिका भी संदिग्ध है इससे पहले भी चकरपुर के कक्ष संख्या 7 से खैर के पेड़ काटे जाने का मामला सामने आया था । वन कर्मी की मिलीभगत से तस्कर माल लेकर जंगल से केंटर में लेकर फरार हो गए थे लेकिन खटीमा पहुंचने पर तस्करों की खेर से भरी गाड़ी घेर कर पकड़ ली गई थी। जबकि तस्कर भागने में सफल रहे। एक और मामले में खैर से भरी पिकप को सुरई रेंज स्टाफ ने हाल ही में दबोच लिया था। खैर तस्करी की आंच ठंडी भी नही हुई की अब सागोन के चार पेड़ कट गए। तस्करों के हौसले इतने बुलंद है की एक के बाद एक मामले को अंजाम दे रहे है। वन विभाग की एसडीओ संचिता वर्मा ने बताया की सागोन के चार पेड़ के मामले में एस टू केस अज्ञात के खिलाफ काट दिया गया है।

## स्कूटी व बाइक सवार पर गुलदार ने हमला किया

**चम्पावत(सं)।** गुलदार ने स्कूटी और बाइक सवार पर हमला कर दिया। घटना में आईटीबीपी जवान समेत एक अन्य बाल–बाल बच गए। शोर मचाने पर गुलदार जंगल में भाग गया। लोहाघाट के गलचौड़ा क्षेत्र में गुलदार ने दो लोग पर हमला बोल दिया। शनिवार देर शाम चनकांडे निवासी विपिन पांडेय स्कूटी से जा रहे थे। इसी दौरान छमनियाचौड़ स्टेडियम के समीप एक गुलदार ने उन पर हमला बोल दिया। शोर मचाने पर गुलदार जंगल में भाग गया। उन्होंने इसकी जानकारी पास ही में दुकान में बैठे लोगों को दी। विपिन पांडेय ने बताया कि वे डुंगरी गांव से लौट रहे थे। एक अन्य घटना में इसी क्षेत्र में गुलदार ने बाइक से जा रहे एक आईटीबीपी जवान पर भी हमला बोल दिया।

# देवभूमि उद्यमिता योजना पर हुई कार्यशाला

रुद्रप्रयाग। देवभूमि उद्यमिता योजना को लेकर राजकीय महाविद्यालय गुप्तकाशी में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों से नवीन टेक्नोलॉजी के माध्यम से रोजगार की संभावनाओं को बढाने पर जोर दिया गया। साथ ही बिजनेस आइडिया, फंडिंग, इनक्यूबेटर सेंटर्स, बिजनेस प्लान हित सहित कई जानकारियां भी दी गई। महाविद्यालय गुप्तकाशी में आयोजित कार्यशाला में कार्यक्रम की नोडल अधिकारी मोनिका नाथ ने छात्रों को एक उद्यमी के गुणों से परिचित कराया। साथ ही बिजनेस आइडिया एवं बिजनेस प्लान की विस्तार से जानकारी दी गई। कहा कि बिजनेस से लोग लाखों कमा रहे है। इसलिए बिजनेस शुरू कर स्वरोजगार अपनाया जा सकता है। बुरांश हिल स्टे के मैनेजर एकता सिंह ने कहा कि इस क्षेत्र के युवाओं को वर्षभर रोजगार से जुड़े रखने के लिए रोजगार की संभावनाएं को तलाशने पर जोर दिया। यात्रा समय के साथ-साथ बाकी समय पर भी स्थानीय युवाओं को रोजगार प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के लिए संभावनाएं तलाशने मे सहयोग की बात कही। इस अवसर पर डॉ. मनोज, डॉ. योगिशा, डॉ. अनुराग, डॉ आजाद सिंह, डॉ. चिंतामणि, डॉ. अंजना एवं कर्मचारी मौजूद थे।


## नरेंद्रनगर ब्लाक का खेल महाकुंभ 5 दिसंबर से

नई टिहरी। ब्लाक नरेंद्रनगर की खेल महाकुंभ प्रतियोगितायें आगामी 5 से 7 दिसंबर तक जीआईसी नरेंद्रनगर के खेल मैदान में आयोजित होंगी। यह जानकारी देते हुए जिला युवा कल्याण व प्रांतीय रक्षक दल अधिकारी पंकज तिवारी ने बताया कि नरेंद्रनगर में आगामी 5 दिसंबर को अंडर 14 आयुवर्ग के लिए बालक-बालिकाओं की एथलेटिक्स प्रतियोगितायें, कबड्डी, खो-खो, बालीबाल की प्रतियोगितायें आयोजित होंगी।

# कुंड से गुप्तकाशी के बीच रात को नहीं चल रहे वाहन

रुद्रप्रयाग। केदारनाथ हाईवे पर काकड़ा-कुंड-गुप्तकाशी तक हाईवे का सुधारीकरण कार्य तेजी से किया जा रहा है। जिसके लिए इन दिनों रात 10 बजे से सुबह 5 बजे तक वाहनों की आवाजाही बंद की गई है। यह प्रक्रिया 20 दिसम्बर तक जारी रहेगी। बता दें कि एनएच लोनिवि रुद्रप्रयाग द्वारा केदारनाथ हाईवे के सिंकिंग जोन कुंड से गुप्तकाशी तक मरम्मत का कार्य किया जा रहा है।

हालांकि इस पर लगातार कार्य जारी है किंतु अब रात में भी निर्माण कार्य को गति दी जा रही है। इसके लिए 1 दिसम्बर से हाईवे पर रात 10 बजे से सुबह 5 बजे तक वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित कर दी गई है। सुबह 5 बजे बाद ही इस मार्ग पर वाहनों की आवाजाही सुचारु हो पा रही है। यह कार्य 20 दिसम्बर तक जारी रहेगा। एनएच लोनिवि के ईई निर्भय सिंह ने बताया कि



रुद्रप्रयाग-गौरीकुंड राष्ट्रीय राजमार्ग 107 (केदारनाथ हाईवे) में किमी 33.130 से किमी 41.260 (काकड़ा-कुंड-गुप्तकाशी) तक हाईवे का सुदृढ़ीकरण चल रहा है। यह क्षेत्र सिंकिंग जोन है इसलिए समय पर इसकी मरम्मत एवं सुधारीकरण का कार्य पूरा किया जाएगा। इसके लिए वाहनों की आवाजाही को रात 10 बजे बाद रोक दिया गया है जो सुबह 5 बजे बाद सुचारु हो पा रही है।

# मजार नहीं, अपने मंदिरों में रखे आस्थाः यतेंद्रानंद गिरी

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वारः** महामंडलेश्वर स्वामी यतिंद्रानंद गिरी ने कहा कि हमें मजारों में नहीं बल्कि अपने धार्मिक स्थलों में आस्था रखनी चाहिए। सनातन धर्म हमें जीवन को बेहतर तरीके से जीने की सीख देता है। मजार के नाम पर केवल हिंदुओं को गुमराह किया जा

## श्री सिद्धबली बाबा वार्षिक अनुष्ठान के तीसरे दिन बोले यतिंद्रानंद गिरी

रहा है। यह संसार केवल हिंदु देवी-देवताओं के आशीर्वाद से चलता है।

कोटद्वार में चल रहे श्री सिद्धबली बाबा वार्षिक अनुष्ठान के तीसरे दिन भजन संध्या के शुभारंभ पर स्वामी यतिंद्रानंद गिरी ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि विश्व में सनातन से बढ़कर कुछ भी नहीं है।

उत्तराखंड को देवभूमि कहा जाता है। यहां के लोग भाग्यशाली हैं जो देवताओं के साथ रहते हैं। कहा कि श्री सिद्धबली मंदिर उत्तराखंड का पांचवा धाम है। यहां सच्चे मन से आने वाले सभी भक्तों की मनोकामनाएं हनुमान जी पूर्ण करते हैं।



श्री सिद्धबली बाबा वार्षिक अनुष्ठान महोत्सव के तीसरे दिन का शुभारंभ करते स्वामी यतिंद्रानंद गिरी

हनुमान जी बल, बुद्धि, विद्या व धन-धान्य देने वाले हैं। कहा कि आज हमारे हिंदु अपने धर्म के पथ से भटक रहे हैं।

कुछ लोग हिंदुओं को भटकाने के लिए उन्हें मजार में चादर चढ़ाने की सीख दे रहे हैं। लेकिन, हकीकत यह है कि वह स्वयं भी उन मजारों को नहीं मानते। विधायक दिलीप रावत ने कहा कि आज युवा वर्ग अपने धर्म के प्रति सचेत हो गया है।

हर धार्मिक कार्यक्रमों में युवाओं की भागिदारी बढ़ रही है। इस मौके पर मंदिर समिति के अध्यक्ष डा.जेपी ध्यानी, संरक्षक अनिल कंसल, महासचिव उमेश त्रिपाठी, सुमन कोटनाला, विवेक अग्रवाल, प्रमोद रावत आदि मौजूद रहे।

# पुलिस ने खोए हुए मोबाइल वापस दिलवाए



स्वामियों को उनके खोए मोबाइल देती एसएसपी

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वारः** कोटद्वार व आसपास के क्षेत्र से खोए 64 मोबाइलों को पुलिस ने वापस उनके स्वामी तक पहुंचा दिया है।

रविवार को कोतवाली परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे ने लोगों को उनके खोए हुए मोबाइल वापस दिए। एसएसपी ने कहा कि क्षेत्र से गायब हुए मोबाइलों की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई थी। खोए मोबाइलों की खोजन के लिए उन्होंने पुलिस व साइबर टीम को सख्त निर्देश दिए थे। ऐसे में टीम ने करीब 14 लाख रुपये के मोबाइल खोजकर उन्हे वापस दिलवाया है।

कार्यक्रम के दौरान एसएसपी ने लोगों से साइबर अपराध के प्रति भी जागरूक रहने की अपील की। कहा कि किसी भी अंजान व्यक्ति को अपने बैंक खाते से संबंधित जानकारी न दें। इस दौरान एसएसपी ने कोतवाली में स्मार्ट बैरक का भी शुभारंभ किया। स्मार्ट बैरक आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित रहेगी। जिसमें कपड़े रखने के लिए आलमारी, स्टैरेज बैड व व्यक्तिगत सेल्फ की सुविधा भी उपलब्ध है।

# जंगल में घास लेने गई महिला पर गुलदार ने किया हमला

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वारः** पट्टी मवालस्यूं के ग्राम कोटा में घास लेने जंगल गई एक महिला पर गुलदार ने हमला कर दिया। ग्रामीणों ने महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नौगांवखाल पहुंचाया।



गुलदार के हमले में घायल पुष्पा देवी

रविवार दोपहर करीब डेढ़ बजे पुष्पा देवी अन्य महिलाओं के साथ घास लेने गई हुई थी। इसी दौरान झाड़ियों से निकले गुलदार ने पुष्पा देवी पर हमला कर दिया। आसपास मौजूद महिलाओं के शोच मचाने पर गुलदार जंगल की ओर भाग गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने पुष्पा देवी को अस्पताल पहुंचाया। वहीं, गांव में लगातार बढ़ रही गुलदार की धमक पर ग्रामीणों ने रोष व्यक्त किया है। ग्रामीणों ने कहा कि गुलदार की धमक से ग्रामीणों का घरों से बाहर निकलना भी मुश्किल हो गया। वन विभाग को जल्द से जल्द गुलदार के आतंक से निजात दिलवाना चाहिए।

# गोसेवा के लिए हर्ष मोहन नेगी को मिला सम्मान

जयन्त प्रतिनिधि

**कोटद्वार।** गोसेवा के लिए श्री सिद्धबली मंदिर समिति की ओर से पशुपालन विभाग के क्षेत्र प्रसार अधिकारी (राजपत्रित) हर्ष मोहन नेगी को सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर जूना अखाड़ा एवं महंत दिलीप सिंह रावत के द्वारा हर्ष मोहन सिंह नेगी को पशुओं की सेवा के लिए सम्मानित किया गया। नेगी ने इस वर्ष लंपी रोग से पशुओं को बचाने के लिए बेहतर कार्य किया था। पूर्व में उन्हें "प्रतिष्ठित गढ़ सम्मान" से भी नवाजा जा चुका है। हर्ष मोहन द्वारा पहाड़ो में मीलों पैदल चलकर बचाव एवं सफल उपचार द्वारा सैकड़ो मवेशियों को घातक लंपी रोग से बचाया गया है। हर्ष मोहन को कोटद्वार में सेवा के दौरान आकृति सेवा सम्मान, पशुपालन विभाग द्वारा जनपद में उत्कृष्ट कार्मिक का पुरुस्कार व जिला अधिकारी



हर्ष मोहन सिंह नेगी को सम्मानित करते अतिथि

गढ़वाल द्वारा उत्कृष्ट कार्मिक का पुरुस्कार भी प्रदान किया जा चुका है। हर्ष मोहन वर्तमान में राज्य कर्मचारी सँयुक्त परिषद के गढ़वाल मंडल अध्यक्ष व आल इंडिया डिप्लोमा वेटनरी फेडेरेशन के राष्ट्रीय संयुक्त सचिव भी हैं।

# कश्मीर का पारंपरिक स्कॉय खेल अब उत्तराखंड में

**रुद्रपुर(सं)।** कश्मीर का पारंपरिक स्कॉय खेल के जन्मदाता ग्रैंडमास्टर अमीर नजीर अहमद रुद्रपुर पहुंचे ' जहां उन्होंने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि पूर्व में कश्मीर के राजा महाराज द्वार का यह खेल प्रशिक्षण के रूप में सैनिकों के लिए अनिवार्य होता है ' इस खेल से डिफेंस की विद्या के रूप में प्रशिक्षण दिया जाता है और स्कॉय खेल को गोवा में आयोजित हुई 37वीं राष्ट्रीय खेलों में शामिल किया गया है ' स्कॉय संगठन उत्तराखंड के अध्यक्ष विकास शर्मा ने कहा कि उत्तराखंड में इस खेल के विकास हेतु तमाम संभावनाएं दिख रही है ' जिससे राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पुरुष महिला खिलाड़ी प्रतीत विकार राज्य के लिए पदक वीर भी बनेंगे ' वही स्कॉय संगठन उत्तराखंड के महासचिव हसन खान ने बताया कि स्कॉय गेम अंतराष्ट्रीय स्तर पर भारत के साथ 68 देश में वह भारत के 27 राज्यों में खेला जा रहा है ' अब इसकी शुरुआत उत्तराखंड में की गई है और यह भविष्य में खिलाड़ियों के लिए सबसे लोकप्रिय गेम बनके उबरेगा '

## ईवीएम पर अंगुली उठाने लगे कांग्रेसी, चुनाव में प्रयोग पर रोक की मांग

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** कांग्रेस नेताओं ने हिन्दी भाषी क्षेत्र के तीन महत्वपूर्ण राज्यों के विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से मिली करारी हार के बीच एक बार फिर से इलेक्ट्रोनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) पर अंगुली उठानी शुरू कर दी है और उसके कुछ नेताओं का सुझाव है कि ईवीएम की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने पर जोर दिया है। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में रविवार को मतगणना में कांग्रेस की हार को स्पष्ट देखते हुए पार्टी मुख्यालय पर उसके कार्यकर्ताओं ने 'ईवीएम का इस्तेमाल बंद करो!' 'ईवीएम से एक बार फिर लोकतंत्र हुआ शर्मसार' जैसे नारे लिखी तख्तियां को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे।

पांच राज्यों में से मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान और तेलंगाना में नवंबर में विधानसभा चुनावों की मतगणना आज सुबह शुरू हुई जबकि मिजोरम में सोमवार को मतगणना होगी। इन चुनावों में ईवीएम से मतदान कराये गये थे।

## कांग्रेस नेताओं की हर बद्दुआ का स्वागत : सिंधिया

**भोपाल ,एजेंसी।** मध्य प्रदेश के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को मिली भारी बढ़त के बाद केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया उत्साहित हैं। उन्होंने कहा है कि ग्वालियर चंबल की जनता ने जवाब दे दिया है और कांग्रेस के नेताओं की हर बद्दुआ का स्वागत है। राज्य की 230 विधानसभा सीटों पर 17 नवंबर को मतदान हुआ था और आज मतगणना चल रही है। मतगणना शुरू होने से पहले ही सिंधिया भोपाल पहुंच गए और पूरी तरह सक्रिय नजर आए। उन्होंने भाजपा को बढ़त मिलने के बाद मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात की और केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव के साथ चर्चा की। सिंधिया ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि केंद्रीय नेतृत्व और राज्य के नेतृत्व केंद्र व राज्य सरकार की नीतियों के चलते भाजपा को बड़ी सफलता मिली है। सिंधिया का ग्वालियर-चंबल इलाके से नाता है और कांग्रेस के तमाम नेताओं ने चाहे दिग्विजय सिंह हो या कमलनाथ, उनका सीधा हमला सिंधिया पर था और यहां तक कहा जा रहा था कि उस इलाके में कांग्रेस को बड़ी सफलता मिलेगी।

# नरभक्षी तेंदुए का आतंक, पांच मासूमों को बनाया शिकार, दहशत के माहौल में जी रहे ग्रामीण

**बलरामपुर, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में भारत नेपाल सीमा से लगे बलरामपुर जिले के सोहेलवा वन्यजीव संरक्षित क्षेत्र से सटे रिहायशी ग्रामीण इलाकों में जंगल से भटक कर आए नरभक्षी तेंदुए के जारी हमले में विगत माह से अब तक पांच बच्चों की जान जाने से ग्रामवासी खौफजदा हैं जबकि कई ग्रामीण घायल हो चुके है। जिला प्रभागीय वनाधिकारी एम. सेम्मारन ने रविवार को बताया कि आदमखोर तेंदुए को पकड़ने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। इसके लिए पूरे इलाके में ड्रोन से भी निगरानी कर, पिंजड़े भी लगाए गए हैं। ऐसे में जब तक तेंदुआ पकड़ में नहीं आता, ग्रामीणों को भी पूरी सतर्कता बरतने के लिए जागरूक किया जा रहा है। जौनपुर जिले से आई विशेषज्ञ टीम को भी तेंदुए को पकड़ने में लगाया गया है।



इधर, बीती रात पचपेड़वा विकास खण्ड के अन्तर्गत ग्राम पंचायत भगवानपुर कोरड़ में 8 वर्षीय मासूम बच्ची मुन्नी को तेंदुए ने अपना निवाला बना लिया। काफी खोजबीन के बाद बच्ची का क्षतविक्षत शव झाड़ियों से मिला है। इसके पूर्व खूंखार तेंदुए की चपेट में आये ललिया के परसहवा इलाके में अपने घर जा रहे धनराज उनकी बहू लक्ष्मी और पोती(5) को रास्ते में तेंदुए नें हमला कर बुरी तरह घायल कर दिया। ग्राम प्रधान जोगिंदर थारू के अनुसार,तेंदुए के हमले में गत 4 नवम्बर को लालनगर सिपहिया गांव की रहने वाली तीन वर्षीय मासूम बच्ची नंदनी शिकार हो गयी।

गत 11 नवम्बर को लालनगर सिपहिया गांव में ही छह वर्षीय अरुण वर्मा घर के बाहर खेलते समय तेंदुए का निवाला बन गया। ग्रामीणों नें बताया कि सोहेलवा वन्य जीव प्रभाग के रामपुर रेंज के रजडेरवा थारू के मजरे बनकटवा गांव में शुक्रवार को पांच वर्षीय रितेश को अपना निवाला बना डाला। जोगिहवा गांव निवासी रमेश कुमार का बेटा रितेश बनकटवा में अपने नाना खुशहाल के यहां आया था। वह सुबह करीब आठ बजे अपने नाना के साथ शौच के लिए जंगल के किनारे गया था।इसी दौरान घात लगाये तेंदुआ झपट्टा मारकर उसे जंगल की ओर खींच ले गया। ग्रामीणों के शोर मचाने पर तेंदुआ बालक का क्षत-विक्षत शव छोड़ कर भाग गया।

शनिवार को पुलिस ने रितेश के शव का पोस्टमार्टम कराया। इसी प्रकार हरैया थानाक्षेत्र के बेलवा गांव में खेल रहे सात वर्षीय विकास को तेंदुए नें अपना शिकार बना लिया। उन्होंने बताया कि तेंदुए के भय से सोनगढ़ा, मुतेहरा, रजडेरवा के लोग घने जंगल से होकर अपने घर तक पहुंचते हैं। इसके अलावा गढ़वा, सहियापुर, रजवापुर, लक्ष्मनपुर, शंकरपुर, सोहेलव, अमरहवा और अहलादडील सहित दर्जन भर गांवों में तेंदुए का खौफ फैला है।जानकारों का कहना है कि जंगल में मानव आबादी का दखल बढ़ा है। जंगल में बंदर और कुत्तों की आबादी कम हो गई है।

## पापा की परी' कार की खिडक़ी पर बैठकर घूमने चली, पुलिस ने थमाया 23,500 का चालान

**नोएडा , (एजेंसी)।** रील बनाने के भूत के चलते युवा अपनी जान को खतरे में डालने से भी बाज नहीं आते। ऐसा ही एक और वीडियो सामने आया है, जिसमें एक 'पापा की परी' तेज रफ्तार कार की खिड़की से बाहर निकलकर स्टंट करती दिखाई दे रही है। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो के आधार पर ट्रैफिक पुलिस ने गाड़ी पर 23,500 रुपये का चालान कर दिया। दरअसल, सोशल मीडिया पर शनिवार को एक वीडियो वायरल हुआ।

वीडियो में एक युवती कार की खिड़की से बाहर निकलकर स्टंट करती दिखी। पीछे से आ रहे किसी शख्स ने वीडियो बनाया और एक्स पर पोस्ट करके यूपी पुलिस और ट्रैफिक पुलिस से कार्रवाई की मांग की। वीडियो 29 सेकेंड का है। वीडियो ग्रेनो वेस्ट के एक मूर्ति के पास का बताया जा रहा है। वीडियो में सडक़ पर तेज रफ्तार से दिल्ली नंबर की कार जाती दिखी। इसी दौरान एक लडक़ी खिडक़ी के बाहर निकली और स्टंट करने लगी।

## मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़—राजस्थान का जनादेश स्वीकार, विचारधारा की लड़ाई रहेगी जारीः राहुल गांधी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने तेलंगाना में पार्टी को बहुमत से जीतने के लिए वहां की जनता का आभार व्यक्त किया, लेकिन कहा कि वह मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में मिले जनादेश को विनम्रता पूरक स्वीकार करते हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि उनकी लड़ाई विचारधारा की है और यह लड़ाई जारी रहेगी। इससे पहले पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने तेलंगाना की जनता का आभार जताया और मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ तथा राजस्थान में कांग्रेस को वोट देने वाले लोगों को धन्यवाद दिया।



राहुल गांधी ने कहा, "मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान का जनादेश हम विनम्रतापूर्वक स्वीकार करते हैं इ विचारधारा की लड़ाई जारी रहेगी।" उन्होंने तेलंगाना में कांग्रेस को बहुमत देने के लिए वहां के मतदाताओं का आभार जताया और कहा "तेलंगाना के लोगों को मेरा बहुत धन्यवाद इ प्रजालु तेलंगाना बनाने का वादा हम ज़रूर पूरा करेंगे। सभी कार्यकर्ताओं को उनकी मेहनत और समर्थन के लिए दिल से शुक्रिया।"

इस बीच कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जय राम रमेश ने कहा कि जिन राज्यों में पार्टी को हार मिली है वहां जल्द ही पार्टी फिर मजबूती के साथ खड़ी होगी। उन्होंने कहा, "ठीक 20 साल पहले भी कांग्रेस को छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान में हुए विधानसभा चुनावों में हार का सामना करना पड़ा था। उस वक्त हमें सिर्फ़ दिल्ली में जीत मिली थी। लेकिन कुछ ही महीनों में ज़ोरदार ढंग से वापसी करते हुए कांग्रेस लोकसभा चुनाव में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी और केंद्र में सरकार बनाई।

## मोदी गारंटी पर जनता ने जताया भरोसा : अश्विनी चौबे

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे ने मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की मिली सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा है कि मोदी गारंटी पर यह जनता का विश्वास है। सेमीफाइनल में इंडी गठबंधन हाफ हो गया है। 2024 के फाइनल मुकाबले में इंडी गठबंधन साफ हो जाएगी। केंद्रीय मंत्री श्री चौबे ने कहा कि तीन राज्यों के चुनाव परिणाम से हम सभी कार्यकर्ता उत्साहित हैं। प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष को विशेष तौर पर बधाई देता हूं। जनता ने भाजपा पर जो अटूट विश्वास जताया है, इसके लिए मैं हृदय से अभिनंदन करता हूं। केंद्रीय मंत्री चौबे ने कहा कि जो श्रीरामचरित मानस जी का अपमान कर रहे थे.. गोस्वामी तुलसीदास जी को जो लोग गाली दे रहे थे..जिन्होंने सनातन को गाली दी जनता ने उन्हें मुंहतोड़ जवाब दिया है। सनातन का श्राप इंडी गठबंधन को लगा है। सेमीफाइनल में हाफ हो गए हैं, 2024 के फाइनल में इंडी गठबंधन साफ हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि चुनाव परिणाम ने स्पष्ट संदेश दिया है कि- देश में एक ही गारंटी चलती है, और वह है मोदी जी की गारंटी..। केंद्रीय मंत्री चौबे ने कहा कि जो समाज में जातिवाद का जहर घोलने का प्रयास कर रहे हैं,

## आगामी आम मतदान में पंजाब की सभी 13 लोक सभा सीटें जीतेगी आप : अरविन्द केजरीवाल

**गुरदासपुर ,एजेंसी।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल की शनिवार को यहाँ हुई 'विकास क्रांति' रैली में हुआ भारी इक् राज्य सरकार की जनहितैषी और विकास प्रमुख नीतियों के पक्ष में बड़ा जनादेश साबित हुआ।सरहदी जिलों गुरदासपुर और पठानकोट के विकास को बढ़ावा देने के लिए 1854 करोड़ के प्रोजेक्टों का उद्घाटन/ ऐलान/ नींव पत्थर रखने बाद में इक् को संबोधन करते हुये पंजाब के मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज के सभी वर्गों के लोगों के हुए इस भारी इक् ने उनको राज्य और इसके लोगों की तरफ़ समर्पित भावना के साथ सेवा करने के जज़ुबे से भर दिया है। उन्होंने कहा कि इस धरती को गुरू साहिबान की बख़्शीश है और यहाँ के लोग स्वभाव पक्ष से बहादुर और मेहनती हैं। भगवंत सिंह मान ने कहा कि चाहे इस इलाके से चुने हुए नेता हमेशा अहम पदों पर रहे परन्तु उन्होंने कभी भी इस क्षेत्र और इसके लोगों के विकास की परवाह नहीं की।मुख्यमंत्री ने कहा कि आम लोगों की भलाई के उद्देश्य वाले प्रोजेक्टों को राज्य सरकार की तरफ़ से सबसे अधिक प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने कहा कि पिछले समय में प्रोजैक्ट सिर्फ़ कागज़ों तक सीमित रहते थे और उनका आम लोगों की भलाई के साथ कोई सरोकार नहीं था। भगवंत सिंह मान ने कहा कि हमारी सरकार ने प्रशासनिक कामकाज में आर्टीफिशल इंटेलिजेंस के प्रयोग की शुरुआत की है, जिससे सिर्फ़ सड़कों के तख़मीनों(मरम्मता आ आंकलन) में से ही सरकार ने 163.26 करोड़ रुपए की बचत की है और 546 किलोमीटर ऐसी सडक़ों का पता चला है, जिनका कोई अस्तित्व ही नहीं है।मुख्यमंत्री ने कहा कि आम आदमी के पैसे की यह लूट रुकी है और अब करदाताओं का पैसा निगलनें वालों के विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी।

उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी की नीतियों के कारण लोग हमेशा पार्टी की हिमायत करते हैं। भगवंत सिंह मान ने कहा कि लोगों के प्यार के कारण ही पार्टी को अपने अस्तित्व के केवल 11 सालों में ही राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा मिला है।मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार नौजवानों के लिए नौकरियों के मौके, मानक शिक्षा और लोगों के लिए अच्छी सेहत सहूलतें, औद्योगिक और अन्य क्षेत्रों के लिए अधिक से अधिक निवेश जुटा कर 'रंगला पंजाब' बनाने के लिए पूरी शिद्दत के साथ कोशिशें कर रही है।

## पाकिस्तान में पोलियो का छठा मामला, 9 महीने के बच्चे में मिला वायरस, 20 और नमूने पॉजिटिव

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान में चालू वर्ष के दौरान पोलियो का छठा मामला सामने आया है जबकि 20 और नमूनों की जांच सकारात्मक प्राप्त हुई है। यह जानकारी समाचारपत्र डॉन ने रविवार को दी। राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान (एनआईएच) में पोलियो उन्मूलन की क्षेत्रीय संदर्भ प्रयोगशाला ने अधिसूचित किया कि ओरकजई जिले में नौ महीने के बच्चे में पोलियो वायरस का पता चला। संघीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. नदीम जान ने कहा, "मैं बहुत दुखी हूं कि इस वायरस ने एक और बच्चे को अपनी चपेट में ले लिया है जिससे जीवन जीने और अपनी क्षमता पर खरा उतरने का अवसर उसके लिए कठिन हो गया है। यह हमें याद दिलाता है कि जब तक हम इस वायरस को खत्म नहीं कर देते, तब तक यह बीमारी न केवल हमारे बच्चों के लिए बल्कि पूरी दुनिया के बच्चों के लिए लगातार खतरा बनी रहेगी।"

मंत्री ने एक बयान में पूरे देश के माता-पिता और अभिभावकों से बच्चों के लिए जोखिम को समझने और पोलियो वैक्सीन को कभी मना नहीं कहने का आग्रह किया, जो आजीवन विकलांगता को रोकने और जीवन बचाने में मदद कर सकता है। इस बीच, 12 जिलों से एकत्र किए गए 20




नमूनों का परिक्षण जंगली पोलियो वायरस टाइप 1 के लिए सकारात्मक मिला है। एनआईएच में पोलियो उन्मूलन के लिए क्षेत्रीय संदर्भ प्रयोगशाला ने अधिसूचित किया कि इस वायरस को पेशावर में चार नमूनों, कराची पूर्व में तीन, कराची केमारी में दो, चमन से दो, क्वेटा में दो और पिशिन, मध्य कराची, कराची दक्षिण, हैदराबाद, जमशोरो, कोहाट और बन्नू में एक-एक नमूनों में प्राप्त किया गया है।

पाकिस्तान के अंतरिम स्वास्थ्य मंत्री नदीम जान ने एक बयान में कहा कि पर्यावरणीय नमूनों में पोलियो वायरस का मिलना हमारे लिए चिंता का विषय है क्योंकि इसका मतलब है कि बच्चे, विशेष रूप से पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों में इस पक्षाघात उत्पन्न करने वाली बीमारी का जोखिम ज्यादा है। श्री जान ने कहा,"हमारे अग्रिम पंक्ति के टीकाकरणकर्ता इस सप्ताह देशव्यापी पोलियो अभियान के दौरान 4.4 करोड़ से ज्यादा बच्चों का टीकाकरण करने के लिए घर-घर जा रहे हैं। मैं सभी माता-पिता से अनुरोध करता हूं कि वे स्थिति को समझें और सुनिश्चित करें कि जब टीकाकरणकर्ता आपके दरवाजे पर पहुंचें, तो आप इस जीवन रक्षक वैक्सीन लेन के लिए पांच साल से कम उम्र के हर बच्चे को लेकर आएं।" पोलियो उन्मूलन के लिए राष्ट्रीय आपातकालीन संचालन केंद्र के समन्वयक, डॉ. शहजाद बेग ने कहा कि स्थिति चिंताजनक है लेकिन पर्यावरण में जंगली पोलियो वायरस का लगातार पता चलना यह भी उजागर करता है कि देश में पोलियो निगरानी प्रणाली कुशलता से काम कर रही है। डॉ. बेग ने कहा कि वायरस का पता लगाने वाले सभी जिले में, हमारी योजना प्रभावित होने वाली आबादी की खोज करने और उनका टीकाकरण करने की है। उन्होंने कहा कि कि हम यहीं नहीं रुकेंगे, हम इस वर्ष का तीसरा राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान चला रहे हैं जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि सभी बच्चों तक टीका पहुंचे और वे सुरक्षित रहें। देश में तीसरा राष्ट्रव्यापी पोलियो अभियान 27 नवंबर से चलाया जा रहा है।

## सम्पादकीय

# सटीक मोदी "गारंटी" कार्ड

चार राज्यों के चुनाव परिणाम आने वाले लोकसभा चुनाव की दस्तक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी गारंटी के वादे को साकार कर दिखाया है और न केवल मध्य प्रदेश व राजस्थान बल्कि छत्तीसगढ़ में भी भारतीय जनता पार्टी पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाने जा रही है। हालांकि तेलंगाना के आंकड़े में भाजपा बढ़ गई और यहां कांग्रेस बहुमत के साथ सरकार बनाती हुई दिख रही है। चुनाव परिणाम से पूर्व जिस प्रकार के एग्जिट पोल पेश किए गए थे उनके बाद अब एग्जिट पोल करने वाले सर्वे भी सत्यता की कसौटी पर अविश्वसनीय साबित हो रहे हैं। मध्य प्रदेश व राजस्थान में भाजपा कांग्रेस के बीच कांटे की टक्कर समझी जा रही थी लेकिन जो चुनाव परिणाम सामने आए हैं उसके बाद यह साफ हो गया कि देश के बड़े राज्यों में अभी भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नाम "मील का पत्थर" है। सबसे बड़े चौंकाने वाले परिणाम छत्तीसगढ़ में मिले हैं जहां कांग्रेस की जीत तय मानी जा रही थी लेकिन यहां भी बीजेपी की बहुमत की जीत कांग्रेस को पछाड़ दिया है। तीन राज्यों में बहुमत की सरकार बनाने के बाद भाजपा के हौसले बुलंद है जिसका असर वर्ष 2024 के संसदीय चुनाव में भी देखने को मिलेगा। मध्य प्रदेश में भाजपा 128 सीटों पर जीत दर्ज कर बहुमत का आंकड़ा पार कर चुकी है। वहीं कांग्रेस 38 सीटों पर जीत दर्ज कर चुकी है। राज्य की 168 सीटों पर मतगणना पूरी हो चुकी है हालांकि कुछ सीटों की रिजल्ट अभी आने बाकी है लेकिन अब यह केवल एक औपचारिकता मात्र है। राजस्थान में भाजपा ने कांग्रेस के हाथ से जीत चित हुए 115 सीटों पर जीत दर्ज कर बहुमत का आंकड़ा पार कर लिया है। वहीं कांग्रेस 68 सीटों पर जीत चुकी है। निश्चित तौर पर छत्तीसगढ़ भाजपा के लिए एक बड़ा जैकपोट साबित हुआ है, यहां भाजपा 34 सीटों पर जीत दर्ज कर चुकी है। वहीं कांग्रेस को 21 सीटों पर जीत मिल चुकी है। मतदान से पूर्व कांग्रेस ने चारों राज्यों में अपनी हवा बनाने की कोशिश की थी लेकिन यह हवा केवल तेलंगाना में ही देखने को मिली, जहां कांग्रेस 61 सीटों पर विजय हासिल कर बहुमत की सरकार बनाने जा रही है। विश्व कप क्रिकेट में भारत की हार के बाद कांग्रेस ने जिस प्रकार का माहौल प्रधानमंत्री को लेकर बनाने की कोशिश की थी इसका असर कहीं देखने को नहीं मिला उल्टे अब एक खास "शब्द" को लेकर कांग्रेस को ट्रोल किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जीत की गारंटी के अपने बयान पर खरे साबित हुए हैं, जिसने कांग्रेस को देश की राजनीति में एक कदम और पीछे धकेल दिया है। भाजपा के लिए 2024 के चुनाव का रास्ता अब थोड़ा आसान नजर आने लगा है, जबकि कांग्रेस को आगामी चुनावी रणनीति के लिए एक बार फिर से अपनी तैयारी एवं रणनीति पर गहन मंथन करना होगा। तमाम तिकड़मों के बाद भी कांग्रेस को मोदी का तोड़ नहीं मिल पा रहा है और ना ही कांग्रेस का नेतृत्व भाजपा के गढ़ में सेंध लगा पाने में कामयाब नजर आ रहा है। बड़े दो राज्यों सहित छत्तीसगढ़ में भाजपा की जीत पार्टी को एक नई दिशा में ले जाएगी जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कद एक बार फिर बड़े चेहरे के रूप में देखने को मिला है।

# राज्यपालों की भूमिका पर विचार जरूरी

अजीत द्विवेदी

इन दिनों राजनीति में इस्तेमाल किए जा रहे मुहावरे के हिसाब से कहें तो आजादी के 75 साल में ऐसा कभी नहीं हुआ कि राज्यपालों के ऊपर सर्वोच्च अदालत को इतनी सख्त टिप्पणियां करनी पड़े, जितनी अभी करनी पड़ रही है। आजादी के बाद कई बार राज्यपालों की भूमिका पर सवाल उठे हैं लेकिन ऐसा कभी नहीं हुआ कि सांस्थायिक रूप से राज्यपाल राज्य सरकारों के कामकाज में दखल दें, विधेयक रोकें, सरकारों पर गैर जिम्मेदाराना टिप्पणी करें और समानांतर सरकार चलाने की कोशिश करें। राज्यपालों के ऐसे आचरण को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने कई बार बेहद तीखी टिप्पणियां की हैं। लेकिन ऐसा लग रहा है कि न राज्यपालों पर इसका असर पड़ र है और न केंद्र सरकार इस पर ध्यान दे रही है। उलटे ऐसा लग रहा है कि सरकार भी चाहती है कि वे ऐसा ही आचरण करें। यह दुर्भाग्य है कि राज्यपालों ने राजभवनों को समानांतर सरकार चलाने का केंद्र बना दिया है। ऐसा सिर्फ उन्हीं राज्यों में हो रहा है, जहां विपक्षी पार्टियों की सरकारें हैं। इसलिए यह नहीं कहा जा सकता है कि राज्यपालों को अचानक संविधान से मिले अपने अधिकारों की याद आ गई है और वे अपने को वास्तविक शासन प्रमुख समझने लगे हैं। जहां भाजपा की सरकार है वहां ऐसा कुछ नहीं हो रहा है। इसका यह मतलब नहीं है कि भाजपा की सारी सरकारें बहुत बढ़िया और संविधान सम्मत तरीके से काम कर रही हैं, जबकि विपक्षी पार्टियों की सरकारें संविधान के प्रति सम्मान नहीं दिखा रही हैं।

ऐसा लग रहा है कि पानी सर के ऊपर से निकलने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले के स्थायी समाधान का फैसला सुनाया है। सर्वोच्च अदालत ने दो टूक अंदाज में कहा है कि राज्यपाल कानून बनाने की सामान्य प्रक्रिया को बदलने का प्रयास नहीं कर सकते हैं। यह बहुत बड़ा फैसला है। इससे पहले सर्वोच्च अदालत ने इस मामले को इतनी गंभीरता से नहीं लिया था। लेकिन एक के बाद एक तीन राज्यों– केरल, तमिलनाडु और पंजाब के एक जैसे मामले कोर्ट में आने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने विस्तार से सुनवाई की और फैसला सुनाया। सर्वोच्च अदालत ने सिर्फ यह आदेश नहीं दिया कि राज्यपाल लंबित विधेयकों को जल्दी से जल्दी क्लीयर करें, बल्कि यह कहा है कि विधानसभा से पास विधेयकों को रोकने से कानून बनाने की सामान्य प्रक्रिया प्रभावित होती है।

ध्यान रहे कानून बनाने का अधिकार संसद और राज्यों की विधानसभाओं को है। अगर किसी राज्य की विधानसभा ने कोई विधेयक पास किया है तो राज्यपाल उसे रोक कर कानून निर्माण की प्रक्रिया को बाधित करते हैं। इसका सबसे बड़ा खतरा यह है कि इससे संघवाद का सिद्धांत प्रभावित होगा। केंद्र में जिसकी सरकार होगी वह राज्यपाल के जरिए राज्य सरकारों के बनाए कानून को रोकता रहेगा। तभी अदालत ने संविधान के अनुच्छेद दो सौ का हवाला देते हुए कहा कि उसमें निश्चित रूप से यह नहीं लिखा गया है कि राज्यपाल कितने समय में किसी विधेयक को मंजूरी दें लेकिन यह जरूर लिखा है कि 'जल्दी से जल्दी मंजूरी दें'। इसका मतलब है कि संविधान बनाने वालों की भावना यह रही है कि विधानसभा से पास होने के बाद जब विधेयक राज्यपाल के पास जाए तो वे उसे तुरंत मंजूरी दे। अगर उनको लगता है कि विधेयक में कुछ सुधार किया जाना चाहिए तो उसे वे तुरंत विधानसभा को लौटा दें। दूसरी बार विधेयक भेजे जाने के बाद राज्यपाल के लिए उसे मंजूरी देना अनिवार्य होता है। लेकिन वह मंजूरी भी जल्दी से जल्दी हो जानी चाहिए। अदालत ने साफ किया है कि राज्यपाल किसी विधेयक को अनंतकाल तक नहीं लटका सकते हैं। उन्हें विधानसभाओं के बनाए कानून को वीटो करने का अधिकार नहीं है।

सवाल है कि क्या राज्यपालों को इस टिप्पणी के बाद कुछ शरम आएगी और क्या वे उसी अंदाज में काम करेंगे, जैसे भाजपा के शासन वाले राज्यों में राज्यपाल कर रहे हैं? इसकी उम्मीद कम है और इसके कई कारण हैं। पहला कारण तो यह है कि भाजपा और उसकी विरोधी पार्टियों के बीच विभाजन इतना ज्यादा हो गया है कि भाजपा जहां भी विपक्ष में है वहां उसे सरकार के हर काम का विरोध करना है। और चूंकि संगठन के तौर पर भाजपा भले दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बन गई है लेकिन हकीकत यह है कि जहां भी वह विपक्ष में है वहां वह सत्तारूढ़ दल के खिलाफ नहीं लड़ पा रही है।

बतौर विपक्ष भाजपा कोई भी आंदोलन खड़ा नहीं कर पा रही है और न राजनीतिक लड़ाई लड़ पा रही है। तभी राजभवनों को लड़ाई का हथियार बनाया गया है। ऐसा लगता है कि जहां भी भाजपा विपक्ष में है वहां विपक्ष की लड़ाई राजभवन लड़ रहे हैं। पश्चिम बंगाल से लेकर केरल और तमिलनाडु से लेकर पंजाब और दिल्ली तक हर जगह राज्यपाल ही मुख्य विपक्ष दल के तौर पर लड़ते दिखते हैं। हर बात के लिए वे सरकार को कठघरे में खड़ा करते हैं। उनकी लड़ाई अब सिर्फ विधेयक रोकने या विश्वविद्यालयों में कुलपतियों की नियुक्ति रोकने तक सीमित नहीं है, बल्कि कानून व्यवस्था से लेकर करप्शन तक के मसले पर राज्यपाल बयानबाजी करते हैं।

बहरहाल, सुप्रीम कोर्ट की नाराजगी के बाद पंजाब के राज्यपाल ने दो विधेयकों को मंजूरी दी तो तमिलनाडु में राज्यपाल ने रोक कर रखे गए 10 विधेयक वापस लौटा दिए। हालांकि उसके तुरंत बाद सरकार ने विधानसभा का विशेष सत्र बुला कर उन विधेयकों को फिर से पास किया और राज्यपाल के पास भेज दिया। इसी तरह केरल में राज्यपाल ने एक विधेयक को मंजूरी दी और सात विधेयक राष्ट्रपति के पास भेजने के लिए रोक लिया। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने केरल के राज्यपाल को लेकर तीखी टिप्पणी की और पूछा कि वे दो साल तक विधेयक रोक कर क्या करते रहे? सर्वोच्च अदालत ने यहां तक कहा कि वह केरल सरकार के इस अनुरोध पर विचार कर रही है कि राज्यपालों के लिए एक दिशा–निर्देश तैयार किया जाए कि वे किन स्थितियों में किसी विधेयक को राष्ट्रपति की मंजूरी के लिए रोक सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी निश्चित रूप से सरकार को अच्छी नहीं लगी होगी। इससे टकराव बढ़ सकता है।

अदालत ने हर बार कहा कि संविधान में बहुत साफ साफ शब्दों में लिखा हुआ है कि राज्यपाल मंत्रिमंडल की सलाह से काम करेंगे। पिछले कुछ समय से यह देखने को मिल रहा है कि राज्यपाल मंत्रिमंडल के समानांतर काम कर रहे हैं या मंत्रिमंडल के फैसलों को रोक रहे हैं। इससे भारत में शासन और प्रशासन का पूरा ढांचा बिगड़ सकता है। पंजाब के राज्यपाल ने जिस कैजुअल तरीके से कह दिया था कि वे राज्य सरकार के खिलाफ राष्ट्रपति को सिफारिश कर देंग, उससे नए खतरे का आभास होता है। पंजाब बेहद संवेदनशील राज्य है, जहां जनता के वोट से चुनी हुई प्रचंड बहुमत की सरकार है। उसके बारे में इस तरह की टिप्पणी बेहद गैरजिम्मेदार मानी जाएगी। लेकिन दुर्भाग्य से कई राज्यपाल इस तरह की टिप्पणियां कर रहे हैं या ऐसे आचरण कर रहे हैं, जो पद की गरिमा और संवैधानिक व्यवस्था के अनुरूप नहीं है। उम्मीद करनी चाहिए कि अदालत की सख्ती के बाद इसमें कुछ सुधार होगा।

# न्यायपालिका के समक्ष चुनौतियां



अगर मुकदमों का निपटारा समयबद्ध तरीके से नहीं होता है तो नागरिकों के अदालत का दरवाजा खटखटाने का कोई मतलब नहीं रह जाएगा। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि अब भी लोग न्यायालय का दरवाजा खटखटा रहे हैं। अकेले अक्टूबर के महीने में देश भर की अदालतों में 16 लाख से ज्यादा मामले पहुंचे।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उच्च न्यायपालिका में नियुक्ति के लिए अखिल भारतीय न्यायिक सेवा के जरिए जजों की बहाली का सुझाव दिया तो उनके सामने ही देश के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि उन्हें न्यायालय का दरवाजा खटखटाने से डरना नहीं चाहिए क्योंकि अदालतें आम लोगों के लिए ही हैं। देश की प्रथम नागरिक और चीफ जस्टिस दोनों की बातें सुनने में बहुत अच्छी लग रही हैं। लेकिन क्या सचमुच प्रतियोगिता परीक्षाओं के जरिए जजों की नियुक्ति से न्यायपालिका की समस्याएं या उसकी चुनौतियों का समाधान हो जाएगा? और क्या आम नागरिकों के न्यायालयों का दरवाजा खटखटाने से उनको न्याय मिलना सुनिश्चित हो जाएगा? इन दोनों पहलुओं पर विचार करने की जरूरत है। महामहिम राष्ट्रपति ने जो कहा उससे पहली नजर में ऐसा लग रहा है कि अगर अखिल भारतीय न्यायिक सेवा के जरिए जजों की नियुक्ति होगी तो उच्च न्यायपालिका में विविधता सुनिश्चित होगी और ज्यादा प्रतिभाशाली लोग न्यायिक सेवा में आएंगे। लेकिन असल में ऐसा होने की कोई गारंटी नहीं है। उलटे जजों की नियुक्ति की मौजूदा व्यवस्था से छेड़छाड़ से न्यायिक सेवाओं की गुणवत्ता पर नकारात्मक असर भी हो सकता है। ध्यान रहे निचली अदालतों में न्यायिक सेवाओं के जरिए मजिस्ट्रेट की बहाली होती है लेकिन उच्च अदालतों में जज बनने के लिए बार से ज्यादा सिफारिशें की जाती हैं। अगर हाई कोर्ट्स में न्यायिक सेवा के जरिए बहाली होगी तो संभव है कि दुनिया के अच्छे संस्थानों से पढ़ कर आए और अच्छी प्रैक्टिस कर रहे वकील परीक्षा में हिस्सा न लें। मौजूदा व्यवस्था में अच्छे वकीलों की सहमति लेकर उनके नाम कॉलेजियम की ओर से नियुक्ति के लिए भेजे जाते हैं। इस व्यवस्था में भी कई कमियां हैं, लेकिन उन्हें सुधार कर इसे बेहतर किया जा सकता है।

इसी तरह नागरिकों को न्यायालयों का दरवाजा खटखटाने की सलाह देना अच्छी बात है लेकिन न्याय सुनिश्चित करना उतना आसान नहीं है। देश भर की अदालतों में करीब साढ़े चार करोड़ मुकदमे लम्बित हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक 70 लाख केस ऐसे हैं, जो पांच से 10 साल की अवधि के हैं तो 32 लाख से ज्यादा केस 10 से 20 साल पुराने हैं। पांच लाख केस 20 से 30 साल पुराने हैं और 30 साल से ज्यादा समय से लम्बित मुकदमों की संख्या भी करीब एक लाख है। तभी सवाल है कि अगर मुकदमों का निपटारा समयबद्ध तरीके से नहीं होता है तो नागरिकों के अदालत का दरवाजा खटखटाने का कोई मतलब नहीं रह जाएगा। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि अब भी लोग न्यायालय का दरवाजा खटखटा रहे हैं। अकेले अक्टूबर के महीने में देश भर की अदालतों में 16 लाख से ज्यादा मामले पहुंचे। तभी सर्वोच्च अदालत और सरकार दोनों को मिल कर ऐसी व्यवस्था बनानी होगी कि अदालतों में पहुंचने वाले मुकदमों का समयबद्ध निपटारा हो। इसके लिए जजों की नियुक्ति और बुनियादी ढांचे का विकास दोनों जरूरी है।

# मन्दिर सौंदर्यीकरण के लिए दिए डेढ़ लाख रुपये



नई टिहरी। बदरीनाथ धाम के तीर्थ पुरोहितों के गांव कोटी डांगी में चित्रकूट बालाजी मूर्ति स्थापना के 25 वें वर्ष के पर आयोजित हनुमान कथा में विधायक विनोद कंडारी प्रतिभाग कर क्षेत्र की सुख समृद्धि के लिये प्रार्थना की। देवप्रयाग के कोटी डांगी गांव पहुंचे देवप्रयाग विधायक ने मन्दिर सौंदर्यकरण के लिए डेढ़ लाख रुपये विधायक निधि से देने के साथ मंदिर में कीर्तन भवन बनाने की भी घोषणा की। विधायक ने कथा व्यास सुभाष मिश्रा और भजन गायक आशीष सेमवाल का अभिनंदन किया। विधायक ने कहा भगवान राम की तपस्थली में हनुमान जी सदा निवास करते हैं, उनका स्मरण और पूजन सदा सुखकारी है। कथा संयोजक व पुजारी राजेंद्र नारायण कोटियाल ने विधायक का स्वागत किया। हनुमान कथा सुनने के लिये देवप्रयाग नगर सहित कई गावों से श्रद्धालुओ की भारी भीड़ उमड़ी रही। मौके पर भाजपा मंडलध्यक्ष शशि ध्यानी, शिव माथुर, यमुना प्रसाद, खुशीराम, सुमन कोटियाल, शिवमूर्ति संपत, अन्ना पांडे, विजय कोटियाल, रवि कठैत, सहायता देवी, कांति देवी, मुक्ता कोठीवाल सहित कई लोग मौजूद थे।

# पांच हजार मीटर दौड़ में निखिल ने मारी बाजी

चमोली। नारायणबगड़ विकासखंड के स्थानीय खेल मैदान में युवा कल्याण विभाग के द्वारा आयोजित तीन दिवसीय खेलकूद महाकुंभ प्रतियोगिताएं शनिवार को पुरस्कार वितरण के साथ संपन्न हो गई हैं वहीं प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय आने वाले खिलाड़ियों को मेडल प्रशस्ति पत्र एवं नकद धनराशि देकर सम्मानित किया गया। नारायणबगड़ विकासखंड के स्थानीय खेल मैदान में युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित तीन दिवसीय खेल महाकुंभ प्रतियोगिताओं का शनिवार को पुरस्कार वितरण के साथ संपन्न हो गई हैं। शनिवार को आयोजित खेल महाकुंभ में 5000 मीटर की दौड़ में निखिल प्रथम, आशीष द्वितीय एवं विजय सिंह तृतीय स्थान पर रहे, लंबी कूद में राहुल प्रथम, आयुष द्वितीय एवं कृष्ण तृतीय स्थान पर रहे, ऊंची कूद में अंजलि प्रथम, सपना द्वितीय एवं अमीषा तृतीय स्थान पर रही चक्का फेंक में गौरव प्रथम,रोहित द्वितीय एवं राहुल तृतीय स्थान पर रहे, भाला फेंक प्रतियोगिता में गौरव प्रथम,राहुल द्वितीय तथा विजय तृतीय स्थान पर रहे। वहीं कबड्डी में नारायणबगड़ ने प्रथम स्थान एवं हंसकोटी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, वहीं खो–खो में भगवती प्रथम एवं झिंझोनी द्वितीय स्थान पर रहा, वहीं प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय आने वाली प्रतिभागियों को खंड विकास अधिकारी राकेश मोहन नयाल एवं ब्लॉक प्रमुख यशपाल नेगी ने मेडल प्रशस्ति पत्र एवं नकद धनराशि देकर सम्मानित किया। वहीं इस अवसर पर रामानंद सागर,हरेंद्र नेगी,रघुवीर सिंह,पूनम गुसाईं,हेमवती रावत समेत बड़ी संख्या में व्यायाम शिक्षक मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन चंद्रमणी देवराड़ी ने किया।।

## स्कूटी भिंडत में दो घायल

रुद्रप्रयाग। बदरीनाथ हाईवे पर दो अलग–अलग दिशाओं से आ रहे स्कूटी चालकों की आपसी भिंड़त हो गई, जिससे दोनों घायल हो गए। पुलिस के हाईवे पेट्रोल वाहन ने सूचना मिलते ही दोनों घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय पहुंचाया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रविवार को जवाड़ी बाईपास पुलिस चौकी के निकट हाईवे पर दो स्कूटी चालकों के वाहन आपस में टकरा गए, जिससे सते सिंह पुत्र मदन सिंह निवासी ग्राम बछणस्यूं, जिला रुद्रप्रयाग एवं रघुवीर सिंह पुत्र लुंगी सिंह निवासी ग्राम उस्तोली, जिला चमोली घायल हो गए। पुलिस का हाईवे पेट्रोल वाहन (डायल 112) पर जैसे ही सूचना मिली तो पुलिस ने दोनों घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय रुद्रप्रयाग भिजवाया। जहां उनका उपचार किया गया।

# विधायक शक्ति लाल ने पवन नेगी को किया सम्मानित



नई टिहरी। विधायक शक्ति लाल शाह ने अपनी विधानसभा क्षेत्र घनसाली के इंद्रोला गांव निवासी पवन नेगी पुत्र शिव सिंह नेगी को अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित भारतीय इंजीनियरिंग सेवा (आईईएस) परीक्षा में 50 वी रैंक प्राप्त करने पर उनके घर पहुंचकर सम्मानित किया। रविवार घनसाली विधायक शक्ति लाल शाह पवन नेगी के घर पर पहुंचे। जहां पर उन्होंने आईईएस परीक्षा में 50 रैंक हासिल करने पर पवन नेगी व उनके परिजनों को बधाई देते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली इस परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन कर उन्होंने विधानसभा घनसाली का ही नहीं बल्कि उत्तराखंड प्रदेश का नाम रोशन किया है। पवन नेगी की सेवाओं का आने वाली समय में प्रदेश व विधानसभा के लोगों को लाभ मिलेगा। उम्मीद है कि पवन अपने क्षेत्र सहित देश–प्रदेश हित में बेहतर काम करेंगे।

# हाइड्रो इंजीनियरिंग संस्थान का डीएम दीक्षित ने लिया जायजा

नई टिहरी। डीएम मयूर दीक्षित ने टीएचडीसी हाईड्रो पावर अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान का बीपुरम में गहन निरीक्षण किया। सेंटर लाइब्रेरी का जायजा लेते हुए डीएम ने विद्यार्थी जीवन में लाइब्रेरी के महत्व के बारे में छात्रों को बताया। डीएम दीक्षित ने बीपुरम में अवस्थित हाईड्रो इंजीनियरिंग संस्थान का जायजा लिया। इस दौरान डीएम ने प्रशासनिक भवन में रजिस्ट्रार कार्यालय, एकाउंट कार्यालय, बोर्ड रूम का, इलेक्ट्रोनिक एवं संचार अभियांत्रिकी विभाग में सेमिनार हालल, लैंग्वेज लेब, सेंटर लाइब्रेरी, रीडिंग रूम, लेक्चर थियेटर, एंडवांस माइक्रोप्रोसेसर लेब, बेसिक इलेक्ट्रोनिक इंजीरियरिंग लेब का निरीक्षण किया। लेक्चर थियेटर में छात्रों से उनके विषयों एवं भविष्य प्लान को लेकर चर्चा की। लगन से अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित भी किया। कहा कि सरकारी योजनाओं के प्रोजेक्ट को डेवल्प करने में कुछ छात्रों को



इंटर्नशिप में लेकर प्रोत्साहित किया जाय। जिससे प्रशासनिक कार्यों में भी छात्रों की भूमिका बनी रहे। डीएम ने बालक छात्रावास, कैंटीन, जिम एवं वैलनेस सेंटर व अतिथि गृह का भी जायजा लिया। संस्थान के डायरेक्टर से रैंगिंग के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इसे लेकर छात्रों को हिदायत दी जाती है। छात्रों को बढ़ते नशे की आदतों को लेकर जागरूक व सतर्क रहने की भी नियमित हिदायत दी जाती है।

# दिव्यांगों को कान की मशीनें उपलब्ध कराई




नई टिहरी। विश्व दिव्यांग दिवस के मौके पर जिला अस्पताल बौराड़ी में स्थित जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के माध्यम से दिव्यांग जनों को अधिकार व योजनाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर दिव्यांग जनों को कान की मशीनें भी उपलब्ध कराई गई। ि

दव्यांग दिवस पर राइस संस्थान के अध्यक्ष सुशील बहुगुणा ने वर्चुअल माध्यम से दिव्यांग जनों को संबोधित कर कहा कि उनका संस्थान लगातार दिव्यांगों के लिए प्रतिबद्ध है हमारी संस्थान वर्ष 2002से कार्य कर रही है और अब तक टिहरी जिले मे हमारे माध्यम से नौ हजार दिव्यांग जनों के यूडीआईडी कार्ड बनाने के साथ ही आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने से लेकर दिव्यांग जनों को रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। समाज कल्याण विभाग के प्रभात उनियाल के द्वारा समाज कल्याण विभाग के द्वारा चलाई गई योजनाओं का विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम मे डीडीआरसी के जगदीश बडोनी ने कहा कि जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र दिव्यांग जनों को मुख्य धारा में लाने के लिए प्रतिबद्ध है। दिव्यांग मकानी देवी ने कहा कि सरकार दिव्यांग जनों के लिए कार्य कर रही है। जिसमें पेंशन पन्द्रह सौ रूपये हो गई है, साथ ही निशुल्क यात्रा उपलब्ध कराई जा रही है। इस अवसर पर मोहसिन शाकिया, प्रभा देवी, दीपक सिंह, मुकेश, सुरेन्द्र अब्बल सिंह, कुम्भीबाला भट्ट, बाल कृष्ण भट्ट, रविश चमोली, दयाल सिंह चौहान, जय सिंह नेगी, अशरूफी रावत आदि उपस्थित थे।

# नागरिक मंच की बैठक में नई टिहरी की समस्याओं पर मंथन



नई टिहरी। नागरिक मंच के पदाधिकारियों ने बैठक कर नगर की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की। मेडिकल कॉलेज के लिये भूमि का चयन होने पर नागरिक मंच ने टिहरी विधायक का आभार जताया है। रविवार को नई टिहरी नागरिक मंच से जुड़े लोगों ने बौराड़ी स्थित सामुदायिक मिलन केंद्र में मंच के अध्यक्ष सुंदरलाल उनियाल के नेतृत्व में बैठक कर बांध विस्थापितों के ग्रेवांस सेल में लंबित करीब 250 मामलों के निस्तारण हेतु शीघ्र सेवा निवृत जज नियुक्त करने, नई टिहरी शहर में लोगों द्वारा अपने घरों के आसपास अनुपयोगी भूमि पर किये गये निर्माण को वन टाईम सल्टमेंट के तहत कब्जाधारियों को आंवटित करने, बौराड़ी स्थित जिला अस्पताल के समीप डंपिंग जोन बनाने की मांग की है, ताकि भविष्य में उक्त भूमि को उपयोग में लाया जा सके। मंच ने भागीरथी पुरम के निकट ग्राम इणिया में मेडिकल कॉलेज के भूमि चयनित किये जाने पर टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि जब तक मेडिकल कॉलेज का निर्माण नहीं हो जाता है, तब तक मेडिकल कॉलेज को अस्थायी तौर पर जिला अस्पताल, प्रताप इंटर कॉलेज, जीजीआईसी तथा आसपास के भवनों में संचालित कराने की शासन प्रशासन से मांग की है।

# ऑस्ट्रेलियाई सरजमीं पर पाकिस्तान नहीं जीत सका है टेस्ट सीरीज, जानिए आंकड़ों में प्रदर्शन



नईदिल्ली,पाकिस्तान क्रिकेट टीम और ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के बीच टेस्ट सीरीज की शुरुआत 14 दिसंबर से हो जाएगी। सीरीज का पहला टेस्ट पर्थ स्टेडियम पर खेला जाएगा।पाकिस्तान ने अब तक ऑस्ट्रेलियाई सरजमीं और कोई टेस्ट सीरीज नहीं जीती है। ऐसे में शान मसूद की कप्तानी में पाकिस्तानी टीम नया इतिहास लिखने की कोशिश करेगी।आइए पाकिस्तान के ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के खिलाफ उनके घर पर टेस्ट में किए प्रदर्शन के बारे में जानते हैं।

टेस्ट क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान की टीमें 69 बार आपस में भिड़ी हैं, जिसमें कंगारू टीम ने 34 मैच जीतकर अपना दबदबा बनाया है।दूसरी तरफ पाकिस्तान ने 15 टेस्ट मैचों में जीत हासिल की है और 20 मुकाबले ड्रॉ पर समाप्त हुए हैं।ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान के खिलाफ पिछली 2 टेस्ट सीरीज जीती हैं।पाकिस्तान ने आखिरी बार 2018 में संयुक्त अरब अमीरात में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज जीती थी।

पाकिस्तान को ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट जीतने के लिए संघर्ष करना पड़ा है।पाकिस्तान को ऑस्ट्रेलियाई सरजमीं पर पिछली 5 टेस्ट सीरीज में क्लीन स्वीप झेलना पड़ा है। पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया में 37 टेस्ट खेले हैं, जिनमें से 26 हारे हैं और सिर्फ 4 टेस्ट जीते हैं। इस बीच 7 टेस्ट ड्रॉ रहे हैं।पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया की धरती पर अपने पिछले 14 टेस्ट में हार झेली है और टीम इस शर्मनाक रिकॉर्ड को बदलना चाहेगी।

आखिरी बार पाकिस्तान ने 2019 में ऑस्ट्रेलिया का दौरा किया था और 2 मैचों की सीरीज में उन्हें क्लीन स्वीप झेलना पड़ा था। उस सीरीज में पाकिस्तान की कमान अजहर अली ने संभाली थी।

ऑस्ट्रेलिया में पाकिस्तान ने पहली बार 1977 में जीत दर्ज की थी। सिडनी में खेले गए उस टेस्ट में पाकिस्तान ने 8 विकेट से मुकाबला अपने नाम किया था।1979 में मेलबर्न में पाकिस्तान ने 71 रनों से जीत हासिल करते हुए अपनी दूसरी जीत दर्ज की। पाकिस्तान ने 1981 में मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में ऑस्ट्रेलिया को पारी और 82 रन से हराया था।इसके बाद दिसंबर 1995 में सिडनी में 74 रनों से जीत हासिल की थी।ऑस्ट्रेलिया की सरजमीं पर पाकिस्तान के लिए सबसे ज्यादा टेस्ट रन जहीर अब्बास ने बनाए हैं। इस पूर्व बल्लेबाज ने 40.62 की औसत के साथ 1,097 रन बनाए थे, जिसमें 1 शतक भी शामिल था।जावेद मियांदाद 16 टेस्ट में 1,028 रनों के साथ इस सूची में दूसरे स्थान पर हैं।पूर्व पाकिस्तानी कप्तान इमरान खान ने ऑस्ट्रेलिया में 13 टेस्ट में 36.65 की औसत के साथ 733 रन अपने नाम किए थे।सरफराज नवाज 12 मैचों में 50 विकेट के साथ टेस्ट क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया की धरती पर पाकिस्तान के लिए सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं।उनके बाद इस सूची में इमरान हैं, जिन्होंने 13 टेस्ट मैचों में 45 विकेट अपने नाम किए थे।

## शेफलर वर्ल्ड चैलेंज में शीर्ष पर बरकरार

नसाउ, दुनिया के नंबर एक गोल्फर स्कॉटी शेफलर ने शनिवार को यहां तीसरे दौर में सात अंडर 65 के हफ्ते के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ वर्ल्ड चैलेंज गोल्फ टूर्नामेंट में बढ़त बरकरार रखी।

यहां पिछले दो टूर्नामेंट के उप विजेता अमेरिका के शेफलर ने पहले दो दौर में 69 और 66 का स्कोर बनाया था। तीन दौर के बाद शेफलर का कुल स्कोर 16 अंडर है।

तीसरे दौर में सात अंडर 65 का स्कोर बनाने वाले इंग्लैंड के मैट फिट्जपैट्रिक तीन स्थान की छलांग लगाकर दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। वह शेफलर से तीन शॉट पीछे हैं।

अमेरिका के ही जस्टिन थॉमस फिट्जपैट्रिक से दो शॉट पीछे तीसरे स्थान पर हैं। उन्होंने तीसरे दौर में चार अंडर 68 का स्कोर बनाया।

टूर्नामेंट के मेजबान और 15 बार के मेजर चैंपियन टाइगर वुड्स तीसरे दौर में एक अंडर 71 के स्कोर से गत चैंपियन विक्टर होवलैंड के साथ 20 खिलाड़ियों के टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से 16वें स्थान पर हैं।

## नितीश राणा के सांकेतिक पोस्ट ने फैंस के बीच मचा दी हलचल



नई दिल्ली। साउथ अफ्रीका दौरे के लिए चयनकर्ताओं द्वारा अनदेखी करने पर केकेआर के स्टार बल्लेबाज नितीश राणा एक सांकेतिक पोस्ट किया है। नितीश राणा को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 सीरीज के दौरान भी अनदेखा किया गया था। अब उनका दर्द छलका है। फैंस इसका दूसरा मतलब भी निकाल रहे हैं कि श्रेयस की वापसी से केकेआर की कप्तानी उनसे छीन ली जा सकती है। बीसीसीआई ने हाल ही में साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे, टी20 और टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम की घोषणा की थी। चयनकर्ताओं ने सीनियर खिलाड़ियों, विराट कोहली, रोहित शर्मा और जसप्रीत बुमराह जैसे खिलाड़ियों को व्हाइट बॉल क्रिकेट से आराम दिया है। अजीत अगरकर के नेतृत्व वाली चयन समिति ने युवा खिलाड़ियों भर भरोसा जताया है।

**सोशल मीडिया पर किया सांकेतिक पोस्ट**

बात करें नितीश राणा की तो उन्होंने भारतीय टीम के लिए एक वनडे मैच और 2 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलें हैं। नितीश राणा हालिया फॉर्म अच्छा नहीं रहा है। उन्होंने 10 पारियों में एक बार 50 प्लस का स्कोर किया है। वह केकेआर के कप्तान के रूप में बढ़िया प्रदर्शन नहीं कर पाए थे। नितीश राणा ने चयन न होने पर अपना दुख व्यक्त किया है।

## साउथ अफ्रीका दौरे से पहले संजू सैमसन की ताबड़तोड़ पारी

नई दिल्ली। संजू सैमसन ने साउथ अफ्रीका दौरे से पहले विजय हजारे ट्रॉफी में दमदार खेल का प्रदर्शन किया। केरल के लिए खेलते हुए पुडुचेरी के खिलाफ 13 गेंद पर नाबाद 35 रन की पारी ताबड़तोड़ पारी खेली। सैमसन की इस पारी से केरल ने जीत दर्ज की। इस जीत के साथ केरल विजय हजारे ट्रॉफी के नॉकआउट चरण में पहुंच गया है।

अलुर में केएससीए क्रिकेट ग्राउंड 2 पर रविवार, 3 दिसंबर को सैमसन ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी का मुजायरा। कम स्कोर का पीछा करते हुए सैमसन ने 13 गेंद का सामना करते हुए 3 छक्के और 4 चौके के साथ नाबाद 35 रन की पारी खेली। केरल ने 19.5 ओवर में 120 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया। इससे पहले सैमसन ने 5 मैचों में सिर्फ 101 रन ही बनाए थे।

नॉकआउट में पहुंचे केरल की टीम

संजू सैमसन के नेतृत्व में केरल ने 6 में से 5 पांच मैच जीतकर ग्रुप-ए में शीर्ष स्थान पर बरकरार है। वहीं, मुंबई ग्रुप-ए में दूसरे स्थान पर है। रविवार को मुंबई को त्रिपुरा के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। बता दें कि साउथ अफ्रीका के खिलाफ तीन वनडे मैच की सीरीज के लिए संजू सैमसन का चयन किया गया है। ऐसे में वह विजय हजारे ट्रॉफी के नॉकआउट मुकाबले के लिए केरल टीम में उपलब्ध नहीं रहेंगे।



**साउथ अफ्रीका के खिलाफ घोषित भारतीय टीम**

वनडे के लिए भारत की टीमः- ऋतुराज गायकवाड़, साई सुदर्शन, तिलक वर्मा, रजत पाटीदार, रिंकू सिंह, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (कप्तान/विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, मुकेश कुमार, आवेश खान, अर्शदीप सिंह, दीपक चाहर

## विजय हजारे ट्रॉफी 2023: सिद्धार्थ कौल ने लगातार दूसरे मैच में लिए 5 विकेट

नईदिल्ली, इस समय खेली जा रही विजय हजारे ट्रॉफी में पंजाब क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज सिद्धार्थ कौल ने अपनी घातक गेंदबाजी का कहर जारी रखा है। उन्होंने नागालैंड के खिलाफ मैच में 5 विकेट लिए और यह उनका लगातार दूसरे मैच में 5 विकेट हॉल है।कौल की बेहतरीन गेंदबाजी के चलते नागालैंड की टीम 20.1 ओवर में महज 75 रन पर ही ढेर हो गई।आइए कौल के प्रदर्शन और आंकड़ों पर एक नजर डालते हैं।दाएं हाथ के अनुभवी गेंदबाज कौल ने अपने दूसरे ओवर में ही सेडेझली (1) और सुमित कुमार (0) के विकेट लेकर विपक्षी टीम को बड़े झटके दिए।इसके बाद उन्होंने झिमोमी (1), इमलीवती (6) और खीविस्तो (14) के विकेट लेकर नागालैंड को सस्ते में समेट दिया।कौल ने अपने 9 ओवर में 4.22 की इकॉनमी रेट से 38 रन देते हुए 5 विकेट लिए। इस बीच उन्होंने 2 ओवर मेडन भी किए।



अपने पिछले मैच में कौल ने तमिलनाडु के खिलाफ भी 5 विकेट चटकाए थे और जीत में अहम भूमिमा निभाई थी।इस सीजन में उन्होंने मध्य प्रदेश के खिलाफ 4 विकेट (4/41) भी झटके थे। इस अनुभवी तेज गेंदबाज ने मौजूदा सीजन में अब तक 5 मैचों में 12.44 की औसत और 5.62 की इकॉनमी रेट से कुल 18 विकेट ले लिए हैं।वह फिलहाल सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बने हैं।कौल ने अपने लिस्ट-ए क्रिकेट करियर में अब तक 110 मैच खेले हैं, जिसमें लगभग 24 की औसत से कुल 198 विकेट लिए हैं।इस बीच उन्होंने 6/39 के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ 8 फाइव विकेट हॉल लिए हैं। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय करियर में 3 वनडे मैच खेले हैं, जिसमें वह कोई विकेट नहीं ले सके थे।उन्होंने 3 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 8.68 की इकॉनमी रेट से कुल 4 विकेट लिए हैं।कौल लिस्ट-ए करियर में सबसे ज्यादा 5 विकेट हॉल लेने वाले भारतीय गेंदबाज हैं। उनके बाद इस सूची में अमित मिश्रा है, जिन्होंने 6 बार 5 विकेट हॉल लिए हैं। रवि शास्त्री, युजवेंद्र चहल और मोहम्मद शमी 5-5 बार 5 विकेट हॉल ले चुके हैं।पंजाब क्रिकेट टीम ने 76 रन के छोटे से लक्ष्य को महज 4.1 ओवर में ही 1 विकेट खोकर हासिल कर लिया। यह भारत के लिस्ट-ए क्रिकेट के इतिहास में सबसे कम गेंदों में हासिल किया गया लक्ष्य है।पंजाब से विकेटकीपर बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह ने 14 गेंदों में नाबाद 44 रन बना डाले।

जयन्त

संस्थापक

नरेन्द्र उनियाल

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक और सम्पादक

नागेन्द्र उनियाल

द्वारा जयन्त प्रकाशन डिग्री कॉलेज रोड़, जौनपुर कोटद्वार गढ़वाल (उत्तराखण्ड) से मुद्रित तथा जयन्त कार्यालय चन्द्रसिंह गढ़वाली मार्ग, गैरसैंण, जनपद चमोली उत्तराखण्ड से प्रकाशित

RNI No.UTTHIN/2005/16338